वी.यू. की महत्वपूर्ण उपलब्धि

मध्य प्रदेश के एकमात्र वेटरनरी विश्वविद्यालय, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव की बात है की विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी को 'भारतीय कृषि विश्वविद्यालय संघ (IAUA) की कार्यकारी समिति का सदस्य' बनाया गया। यह एक महत्वपूर्ण बात है कि 7 सदस्य कार्यकारी समिति में भारत में शीर्ष पर कार्य कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति का चयन किया जाता है। गौरतलब है कि संपूर्ण भारत में वर्तमान में, आईएयूए के 73 विश्वविद्यालय सदस्य हैं, जिनमें 65 राज्य कृषि विश्वविद्यालय, 4 डीम्ड विश्वविद्यालय, 3 केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय शामिल हैं। विशेषज्ञता के आधार पर 45 कृषि, 8 बागवानी, 17 पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान और 3 मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय हैं। इस एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालयों और राज्यों में कृषि अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार को बढ़ावा देना और इस प्रकार देश में ग्रामीण विकास करना है। यह कृषि विश्वविद्यालयों के बीच संचार, समन्वय और आपसी परामर्श को सुविधाजनक बनाने के लिए सूचना ब्यूरो के रूप में भी कार्य करता है। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि से समस्त अधिकारी, प्राध्यापकगण गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं तथा इस उपलब्धि के लिए माननीय कुलपति महोदय को बधाई प्रेषित की।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर